अति महत्वपूर्ण।

संख्या 269 / 37 /E-46661 /बजट /2026

प्रेषक,

दिलीप जावलकर,
सचिव (वित्त)/ निदेशक (बजट),
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव/ विशेष प्रमुख सचिव/ सचिव,
(अंकित तालिकानुसार),
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त विभाग (बजट) देहरादून :: दिनांक 10 फरवरी, 2026

**विषयः– वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक निर्माण सम्बन्धी बैठक।**

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि वित्त अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या–345533/E-94611/ 07 (150) 2020/ XXVII (1)/ 2025, दिनांक 18 नवम्बर, 2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के विभागीय आय–व्ययक तैयार किये जाने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी किये गये हैं, जो बजट की वेबसाईट (https://cdnbbsr.s3waas.gov.in/s3c65d7bd70fe3e5e3a2f3de681edc193d/uploads/2025/11/20251118300515859.pdf में रक्षित)।

उक्त के क्रम में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में **संलग्न सारणीनुसार वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार, पंचम तल, विश्वकर्मा भवन, सचिवालय में** समीक्षा बैठक प्रस्तावित है। बैठक में निम्नानुसार चर्चा की जायेगीः–

1. विभागवार सचिव स्तर की मांग IFMS द्वारा जनरेट औचित्य के साथ (विस्तृत लेखाशीर्षक के अनुसार) ।
2. नई मांग (SND) ।
3. राजस्व प्राप्तियों के सम्बन्ध में।
4. खण्ड–6 पदों का विवरण।
5. विभागीय जेंडर बजट।
6. विभाग द्वारा किये गये Research and Development Expenditre . (संदर्भ– मुख्य सचिव कार्यालय का पत्र संख्या 6735/ नि0स0/मु0स0/2025, दिनांक 24 दिसम्बर, 2025, भारत सरकार का पत्र दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 तथा 11 अक्टूबर, 2021(https://budget.uk.gov.in/letter/ में रक्षित है)।
7. अनुदान संख्या–30 व 31 में की जा रही विभागीय मांग।

बैठक में अधीनस्थ विभागों के विभागाध्यक्ष, वित्त नियंत्रक एवं शासन से सक्षम स्तर के अधिकारी (जो अपर सचिव स्तर से अन्यून हों) प्रतिभाग अपेक्षित है।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय,

(दिलीप जावलकर)
सचिव (वित्त)/ निदेशक (बजट)।

D:\DATA\CSB\Letter 2025-26.docx

संख्या / 37 /E-46661 /बजट /2026, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव— मा0 मुख्यमंत्री जी को महोदय के संज्ञानार्थ।
2. निजी सचिव— मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को महोदय के संज्ञानार्थ।
3. निजी सचिव— प्रमुख सचिव, वित्त को महोदय के संज्ञानार्थ।
4. सम्बन्धित अपर सचिव, वित्त (व्यय नियंत्रण अनुभाग) को इस आशय के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित वित्त अनुभाग अधिकारियों सहित संलग्नक सूची में अंकित अपने व्यय नियंत्रण से सम्बन्धित विभागों के साथ निर्धारित तिथि/ समय से पूर्व शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।
5. व्यवस्थाधिकारी, सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड शासन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्तानुसार सभा कक्ष को आवंटित करने तथा सम्बन्धित कार्मिकों को सभा कक्ष की समस्त तकनीकी व्यवस्थाएं संचारू रूप से संचालन हेतु।
6. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी एवं कार्यालयाध्यक्ष, राष्ट्रीय सूचना एवं विज्ञान केन्द्र, सचिवालय को उक्त तिथि हेतु सभा स्थल की तकनीकी व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने के अनुरोध के साथ प्रेषित।
7. सचिव/ अपर सचिव/ डायरेक्टर, आई0टी0डी0ए0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्न तालिकानुसार वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में आई0टी0डी0 के अधीन समस्त तकनीकी सेवाओं के सुलभ संचालनार्थ हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने हेतु।
10. मुख्य सुरक्षाधिकारी, सचिवालय प्रवेश द्वार, सचिवालय, देहरादून।
11. मैनेजर, कैंटीन, गढ़वाल मण्डल विकास निगम, सचिवालय, देहरादून।
12. श्री आतिफ जंग, स्टेट टैक्निकल कॉर्डिनेटर—जेंडर बजटिंग, यू0एन0 वीमेन।
13. अधिशासी अभियन्ता (विद्युत) को इस आशय से प्रेषित की विश्वकर्मा भवन द्वितीय में बजट कार्यालय में समन्वय स्थापित कर बजट निर्माण से विधान सभा सत्र (बजट सत्र) तक कार्यालय दिवस के साथ राजपत्रित अवकाश में भी कार्यालय खुलने की दशा में विश्वकर्मा भवन में विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश के साथ।

(दिलीप जावलकर)
सचिव ~~(वित्त)~~/ निदेशक (बजट)।

D:\DATA\CSB\Letter 2025-26.docx

संख्या 269 / 37 /E-46661 /बजट /2026, दिनांक 10 फरवरी, 2026

**बैठक का स्थान– (वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार, पंचम तल, विश्वकर्मा भवन, सचिवालय, देहरादून)।**

| **क्र0सं0** | **दिनांक** | **विभाग** | **समय** |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1– | 11.02.2026 | मत्स्य पालन | 02.30 PM to 03.00 PM |
| 2– | | सैनिक कल्याण | 03.00 PM to 03.30 PM |
| 3– | | पंचायती राज विभाग | 03.30 PM to 04.00 PM |
| 4– | | वन | 04.00 PM |